FIRST INFORMATION REPORT
Under Section 173 B.N.S.S.

(प्रथम सूचना रिपोर्ट)
अंतर्गत धारा 173 बी. एन. एस. एस.

1. **District (जिला):** ACB DISTRICT **P.S. (थाना):** C.P.S Jaipur **Year (वर्ष):** 2025

2. **FIR No. (प्र.सू.रि.सं):** 0322 **Date and Time of FIR (एफआईआर की तिथि/समय):** 05/12/2025 18:13 बजे

S.No. (क्र.सं.)	Acts (अधिनियम)	Sections (धाराएँ)
1	भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (2018 के अधिनियम संख्या 16 द्वारा संशोधित)	7
2	भारतीय न्याय संहिता (बी एन एस), 2023	61(2)

3. (a) **Occurrence of offence (अपराध की घटना):**

1. **Day(दिन):** दरमियानी दिन **Date From (दिनांक से):** 30/11/2025 **Date To (दिनांक तक):** 01/12/2025

Time Period (समय अवधि): पहर 5 **Time From (समय से):** 16:30 बजे **Time To (समय तक):** 13:25 बजे

(b) **Information received at P.S. (थाना जहाँ सूचना प्राप्त हुई):** **Date (दिनांक):** 05/12/2025 **Time (समय):** 18:00 बजे

(c) **General Diary Reference (रोजनामचा संदर्भ) :** **Entry No. (प्रविष्टि सं.):** 002 **Date & Time (दिनांक एवं समय)** 05/12/2025 18:13:22 बजे

4. **Type of Information (सूचना का प्रकार):** लिखित

5. **Place of Occurrence (घटनास्थल):**

1. (a) **Direction and distance from P.S. (थाने से दिशा और दूरी):** SOUTH, 520 किमी **Beat No. (बीट सं.) :** NOT APPLICABLE

(b)**Address(पता):** KARALYA VANPALVANNAKA KATARWAS, RANGE KHERWARA UDAIPUR

(c **In case, outside the limit of this Police Station, then (यदि थाना सीमा के बाहर हैं तो)**

Name of P.S (थाना का नाम):

District(State) (जिला (राज्य)):

6. Complainant / Informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता):

(a) Name(नाम): VALCHAND TELI

(b) Father's Name (पिता का नाम): DALCHAND TELI

(c) Date/Year of Birth (जन्म तिथि/ वर्ष): 1990

(d) Nationality(राष्ट्रीयता): INDIA

(e) UID No(यूआईडी सं.):

(f) Passport No. (पासपोर्ट सं.):

Date of Issue (जारी करने की तिथि):

Place of Issue (जारी करने का स्थान):

(g) Id details (Ration Card,Voter ID Card,Passport,UID No.,Driving License,PAN) (पहचान विवरण(राशन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र,पारपत्र,आधार कार्ड सं,ड्राइविंग लाइसेंस,पैन)):

S.No.	Id Type	Id Number

(h) Occupation (व्यवसाय):

(i) Address(पता):

S.No. (क्र. सं.)	Address Type (पता का प्रकार)	Address (पता)
1	वर्तमान पता	BICHHIWARA, JHADOL, UDAIPUR, RAJASTHAN, INDIA
2	स्थायी पता	BICHHIWARA, JHADOL, UDAIPUR, RAJASTHAN, INDIA

(j) Phone number (दूरभाष न.):

Mobile (मोबाइल न.):

7. Details of known/suspected/unknown accused with full particulars (ज्ञात/संदिग्ध/अज्ञात अभियुक्त का पुरे विवरण सहित वर्णन):

Accused More Than(अज्ञात आरोपी एक से अधिक हो तो संख्या):

S.No. (क्र.सं.)	Name (नाम)	Alias (उपनाम)	Relative's Name (रिश्तेदार का नाम)	Address (पता)
1	MAHESH KUMAR MEENA		पिता:LAKSHMAN LAL MEENA	1. PARAI,SARADA,PARSAD, सलूम्बर,RAJASTHAN,INDIA
2	VIJESH KUMAR AHARI AND OTHERS		पिता:VARADICHAND AHARI	1. MODIWASA,NAYAGAON,UDAIF

8. Reasons for delay in reporting by the complainant/informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता द्वारा रिपोर्ट देरी से दर्ज कराने के कारण):

9. Particulars of properties of interest (Attach separate sheet, if necessary) (सम्बन्धित सम्पत्ति का विवरण(यदि आवश्यक हो, तो अलग पृष्ट नत्थी करें)):

S.No. (क्र.सं.)	Property Category (सम्पत्ति श्रेणी)	Property Type (सम्पत्ति के प्रकार)	Description (विवरण)	Value(In Rs/-) (मूल्य(रु में))
1	सिक्के और मुद्रा	रुपये		80,000.00

10. **Total value of property stolen(In Rs/-)** 80,000.00
(चोरी हुई संपत्ति का कुल मूल्य(रु में)):

11. **Inquest Report / U.D. case No., if any (मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट / यू.डी.प्रकरण न., यदि कोई हो):**

S.No. (क्र.सं.)	UIDB Number (यू.आई.डी.बी. संख्या)

12. **First Information contents (Attach separate sheet, if necessary)**
(प्रथम सूचना तथ्य(यदि आवश्यक हो , तो अलग पृष्ठ नत्थी करे)):

महोदय जी,वाक्यात मामला इस प्रकार है कि दिनांक 30.11.2025 को समय 04.30 पी.एम. पर परिवादी श्री वालचन्द तेली पिता श्री डाल चन्द तेली उम्र 35 वर्ष निवासी बिछीवाडा तहसील झाडोल जिला उदयपुर ने उपस्थित चोकी होकर एक हस्तलिखित रिपोर्ट इस आशय की मन पुलिस निरीक्षक को पेश की कि "उपरोक्त विषय मे मुज प्राप्त वालचन्द/डालू तेली उम्र 35 वर्ष निवासि बिछीवाडा त. झाडोल जिला उदयपुर का निवेदन इस प्रकार है कि मे और धरमचन्द/गणेश जी पारगी निवासी झाडोल दोनो पाटनर सिप लकडी का वेपार करते है दिनांक 29/11/2025 को मेने फलासिया से ट्रक नम्बर GJ 09 AU 1283 मे निलगिरी व सेम्रल की लकडी भराई ट्रक चालक महेन्द्र मेघवाल मेरे गांव का ही है उसे पाबन्द किया कि ट्रक सुबह यहा से ले जाकर खेरवाडा भेरूभाई सुथार के यहा पहुँचाना है मेरे पाटनर धरमचन्द ने दुसरी गाडी नम्बर RJ 27 GB 4806 को झाडोल से निलगिरी की लकडी भरी जिसको पाबन्द किया कि दोनो गाडिया एक साथ सुबह खेरवाडा भैरूलालजी सुथार के पास ले जाकर खाली करवाना बिल वही का है। दिनांक 30/11/2025 की सुबह 8 बजे सूचना मिली की दोनो गाडी वन विभाग नाका कानपुर वाले ने पकड ली है जिस पर मै वहा गया तो मालुम हुआ कि सुबह उनालीबोर गांव के पास वन विभाग के गार्ड महेश मिला, रतन, विजेश, पन्नालाल चारो वर्दी मे होकर हमारी दोनो ट्रक लकडी से भरी हुई ले जाकर कातवास विन विभाग नके पर खडी करा दी है। मेने मेरे पाटनर धरमचन्द से पुछा ये ट्रके के छोडने के क्या मग रहे है जिस पर धरमचन्द ने कहा इन्हेने ट्रके खडी करा दी है और गार्ड महेश 1 लाख रूपये लेने की मांग कर रहा है जिस पर धरमचद और ड्रायवर के मेरे साथ लेकर आ गया। मै और मेरा पाटनर धरमचन्द लकडी का धंधा करते है नियम अनुसार बिल, बिल्टी कराते है फिर भी ये आये दिन परेशान करते है गार्ड महेश व उसके साथियो ने पहले भी पैसे ले लिये है और फिर हमारी लकडी की गाडी छोडी है, इस बार मे रिषवत राशि नही देना चाहता हुं रंगे हाथो रिशवत लेते हुए पकडवाना चाहता हुं मेरे महेश, रतन, विजेश, पन्नालाल से मेरी कोई उदारी या लेन-देन बाकी नही है।" जिस पर परिवादी श्री वालचन्द तेली ने दरियाफ्त पर बताया की पहले भी मेरी लकडी से भरी ट्रक को पकड कर इन्होने मुझसे अवैध पैसे लिये है। जिस पर परिवादी से उसके आधार कार्ड व ड्राईविंग लाइसेंस की छाया प्रति प्राप्त की गई। परिवादी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना-पत्र एवं दरियाफ्त पर परिवादी से मामला ट्रेप कार्यवाही का पाया जाने एवं भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की परिधि में आने से रिश्वत राशि की मांग का सत्यापन कराया जाना आवश्यक होने से मन् पुलिस निरीक्षक द्वारा पुलिस उप अधीक्षक सर प्रभारी भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो डूंगरपुर को जरिये मोबाईल सम्पूर्ण हालात अर्ज किये गये। तत्पश्चात कार्यालय के कानि0 श्री महेशचन्द्र नं0 394 को मन् पुलिस निरीक्षक के कार्यालय कक्ष में बुलाकर परिवादी श्री वालचन्द तेली और कानि0 श्री महेशचन्द्र का आपस में परिचय कराया गया। परिवादी श्री वालचन्द तेली को रिश्वत राशि की मांग का सत्यापन बाबत् अवगत कराया गया तो परिवादी श्री वालचन्द तेली ने बताया की अभी श्री महेश जी, श्री रतन, श्री विजेश जी, श्री पन्नालाल जी कार्यालय वनपाल वन नाका कातरवास पर मिल सकते है तथा मेरा पार्टनर श्री धरमचन्द खैरावाडा मिल जायेगा हम दोनो साथ मे कार्यालय वनपाल वन नाका कातरवास पर जाये तो अभी उनसे रिश्वत राशि के सम्बंध में बातचीत हो सकती है। जिस पर परिवादी श्री वालचन्द तेली व कानि0 श्री महेशचन्द्र के मोबाईल नम्बर परस्पर साझा कराये गये। मन् पुलिस निरीक्षक ने अग्रिम रिश्वत राशि मांग सत्यापन की कार्यवाही के क्रम में श्री महेशचन्द्र कानि. को पुलिस उप अधीक्षक सर के कार्यालय कक्ष की टेबल के दराज मे रखी डिजिटल वोईस रिकॉर्डर व एक खाली (नया) मेमोरी कार्ड निकलवा कर डिजिटल वोईस रिकॉर्डर में मेमोरी कार्ड लगाया जाकर डिजिटल वोईस रिकॉर्डर को चालू कर अवलोकन किया गया तो डिजिटल वोईस रिकॉर्डर व उसमें लगाया गया मेमोरी कार्ड खाली (रिक्त) होना पाया गया। परिवादी को डिजिटल वोईस रिकॉर्डर के संचालन की विधि की समझाईश कर संदिग्ध श्री महेश, श्री रतन, श्री विजेश, श्री पन्नालाल वन कर्मी से अग्रीम रिश्वत राशि मांग सत्यापन वार्ता करने हेतु डिजिटल वोईस रिकॉर्डर मय् उसमें लगाये गये मेमोरी कार्ड के परिवादी को सुपुर्द कर संदिग्ध श्री महेश, श्री रतन, श्री विजेश, श्री पन्नालाल वन कर्मी से वार्ता हेतु आवश्यक हिदायत दी गई तथा कानि. श्री महेशचन्द्र व परिवादी मय डिजिटल वोईस रिकॉर्डर के उसकी निजी कार से समय 05.45 पीएम पर कार्यालय वनपाल वन नाका कातरवास की तरफ रवाना किया गया। तत्पश्चात समय करीब 09.10 पी.एम पर परिवादी श्री वालचन्द तेली, सहपरिवादी श्री धरमचन्द व कानि. श्री महेशचन्द नम्बर 394 उपस्थित चोकी हो कानि. श्री महेशचन्द ने डिजिटल वोईस रिकॉर्डर मय उसमें लगे हुए मेमोरी कार्ड को मन् पुलिस निरीक्षक को सुपुर्द कर बताया कि "श्रीमान के निर्देशानुसार मैं

कानि0 व परिवादी श्री वालचन्द मय डिजिटल वोईस रिकॉर्डर के परिवादी की निजी कार से रवाना हो खैरवाडा पंहुचे जहा परिवादी का पार्टनर श्री धरमचन्द मीला जिसे साथ मे लेकर रवाना हो समय करीब 07.00 पी.एम. पर कार्यालय वनपाल वननाका कातरवास के पास पहुंच संदिग्ध की लोकेशन जानने के लिए परिवादी श्री वालचन्द के मोबाईल नम्बर से संदिग्ध श्री महेश कुमार मीणा के मोबाईल नम्बर पर कॉल कर पूछा की आप कहा हो तो संदिग्ध श्री महेश कुमार ने कहा मै चोकी पर ही हुं आजाओ उक्त वार्ता को डिजीटल टेप रिकॉर्डर मय मैमोरी कार्ड मे रिकॉर्ड किया गया। तत्पश्चात मन् कानि. द्वारा परिवादी व सपरिवादी को समझाईश कर संदिग्धगण श्री महेश, श्री रतन, श्री विजेश, श्री पन्नालाल वन कर्मी से रिश्वत राशि मांग सत्यापन वार्ता करने हेतु डिजिटल वोईस रिकॉर्डर मय् उसमें लगाये गये मेमोरी कार्ड के समय करीब 07.02 पीएम पर चालु कर कार्यालय वनपाल वन नाका कातरवास के लिए रवाना किया तथा मै कार्यालय वनपाल वन नाका कातरवास के आस-पास अपनी उपस्थिति छुपाते हुए मुकिम रहा। तत्पश्चात कुछ समय बाद परिवादी व सहपरिवादी मेरे पास आया तथा परिवादी नेडिजिटल वोईस रिकॉर्डर मुझ कानि को सुपुर्द किया जो चालू था जिसे मैने बंद कर अपने पास सुरक्षित रखा। तत्पश्चात परिवादी ने मुझे बताया कि रिश्वत राशि की बात हो गई है। उक्त वार्ता को मैने डिजिटल वोईस रिकॉर्डर में रिकॉर्ड कर लिया है। जिस पर मुझ कानि0 द्वारा उक्त समस्त हालात श्रीमान को जरिए मोबाईल निवेदन किये गये। इसके पश्चात श्रीमान के निर्देशानुसार मन् कानि व परिवादी, सहपरिवादी मय डिजिटल वोईस रिकॉर्डर के परिवादी की निजी कार से रवाना हो हाजिर कार्यालय आये। जिस पर परिवादी द्वारा पुलिस निरीक्षक को बताया की कार्यालय वनपाल वन नाका कातरवास गया जहा श्री महेश जी, श्री रतन, श्री विजेश जी, श्री पन्नालाल जी मिले जिनसे मेने बात की तो वो पहले तो एक लाख की मांग कर रहे थे और बाद मे 80,000 रूपये की मांग की गई। उसके बाद कोरे तीन कागज पर मेरे हस्ताक्षर करवाये गये व दो ट्रक मेसे ट्रक नम्बर RJ 27 GB 4806 को छोड दिया उसके बाद कल रिश्वत राशि 80,000 रूपये लेकर बुलाया है। जिस पर मन् पुलिस निरीक्षक द्वारा डिजिटल वोईस रिकॉर्डर मय उसमें लगे हुए मैमोरी कार्ड में रिकॉर्ड शुदा रिश्वत राशि मांग सत्यापन वार्ता को चलाकर सुना गया तो परिवादी द्वारा बताये गए कथनो की ताईद होकर संदिग्धगण द्वारा परिवादी से रिश्वत राशि 80,000/- रूपये की मांग करने की पुष्टि हुई । जिस पर मन् पुलिस निरीक्षक द्वारा अब तक के सम्पूर्ण हालात उच्चाधिकारियों को अवगत कराये गये। जिस पर उच्चाधिकारियों द्वारा अग्रिम कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। तत्पश्चात मन् पुलिस निरीक्षक द्वारा परिवादी श्री वालचन्द तेली से पूछा कि 80,000/- रूपये व्यवस्था कर कब तक कार्यालय में उपस्थित हो जाओगे तो परिवादी ने बताया कि मैं कल दिनांक 01.12.2025 को मय् रिश्वत राशि के कार्यालय में उपस्थित हो जाउंगा। जिस पर मन् पुलिस निरीक्षक द्वारा संदिगधगण को रिश्वत में दी जाने वाली राशि 80,000/- रूपये लेकर दिनांक 01.12.2025 को समय 09.00 एएम पर कार्यालय में उपस्थित होने एवं गोपनीयता बरतने की हिदायत दी गई। परिवादी श्री वालचन्द तेली द्वारा प्रस्तुत हस्तलिखित प्रार्थना पत्र एवं डिजिटल वोईस रिकॉर्डर मय उसमें लगे हुए मेमोरी कार्ड को मन् पुलिस निरीक्षक द्वारा पुलिस उप अधीक्षक सर के कार्यालय कक्ष की टेबल के दराज मे सुरक्षित रखा गया। तत्पश्चात परिवादी श्री वालचन्द तेली व सपरिवादी श्री धरमचन्द को हिदायत देकर रवाना किया गया। दिनांक 01.12.2025 को समय करीब 08.00 ए.एम पर ट्रैप कार्यवाही के क्रम में दो स्वतंत्र गवाहान की आवश्यकता होने एवं कार्यालय समय से पूर्व आवश्यकता होने से एएसआई श्री करण सिंह से श्रीमान उप निदेशक आयुर्वेद विभाग डूंगरपुर को जरिये मोबाईल गवाह तलबी हेतु निवेदन किया गया व अकब से श्रीमान उप निदेशक आयुर्वेद विभाग डूंगरपुर को इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 1852 दिनांक 01.12.2025 तहरीर जारी कि गई। समय करीब 09.00 ए.एम पर परिवादी श्री वालचन्द तेली व सहपरिवादी श्री धरमचन्द ब्यूरो कार्यालय पर उपस्थित आया तथा परिवादी ने पुलिस निरीक्षक को बताया की श्री महेश, श्री रतन, श्री विजेश, श्री पन्नालाल वन कर्मी की मांग के मुताबिक रिश्वत में दी जाने वाली राशि 80,000 रूपये की व्यवस्था कर लाया हूं । इसके पश्चात् परिवादी व सहपरिवादी को कार्यालय कक्ष में बैठाया गया। समय करीब 09.30 ए.एम पर दो स्वतंत्र गवाह उपस्थित कार्यालय आये। जिसे पुलिस निरीक्षक ने अपना परिचय देते हुए उनसे उनका परिचय पुछा तो उन्होंने अपना नाम श्री जयंत कुमार पिता धनपाल जी यादव जाति यादव उम्र 39 वर्ष निवासी मुकाम पोस्ट वरदा थाना वरदा जिला डूंगरपुर हाल वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी राजकीय आयुर्वेद औषधालय शास्त्री कोलोनी डूंगरपुर व श्री कपिल शर्मा पिता प्रकाशचन्द्र शर्मा उम्र 29 वर्ष जाति ब्राहमण मुकाम पोस्ट ठाकरडा थाना सागवाडा जिला डूंगरपुर हाल कनिष्ठ लिपिक उपनिदेशक आयुर्वेद विभाग डूंगरपुर होना बताया । तत्पश्चात पुलिस निरीक्षक द्वारा दोनो स्वतंत्र गवाहान को की जाने वाली अग्रिम ट्रैप कार्यवाही में बतौर गवाह उपस्थित रहने हेतु मौखिक सहमति चाही गई जिस पर दोनो स्वतंत्र गवाहान द्वारा अपनी-अपनी मौखिक सहमति दी गई। जिस पर पुलिस निरीक्षक द्वारा कार्यालय मे बैठे परिवादी श्री वालचन्द व सपरिवादी श्री धरमचन्द तथा दोनों स्वतंत्र गवाहान का आपस में परिचय करवाया गया। तत्पश्चात दिनांक 30.11.2025 को परिवादी श्री वालचन्द तेली द्वारा प्रस्तुत हस्तलिखित प्रार्थना पत्र एवं डिजिटल वोईस रिकॉर्डर मय उसमें लगे हुए मेमोरी कार्ड जो पुलिस उप अधीक्षक सर के कार्यालय कक्ष की टेबल के दराज मे सुरक्षित रखा हुआ को निकाल कर परिवादी, सहपरिवादी व दोनो स्वतन्त्र गवाहान के समक्ष मन् पुलिस निरीक्षक द्वारा परिवादी श्री वालचन्द तेली द्वारा पेश हस्तलिखित प्रार्थना पत्र को पढ़कर सुनाया गया तो परिवादी ने शब्द ब शब्द की पुष्टि कर अपने हस्ताक्षर होना स्वीकार किया गया। तत्पश्चात् परिवादी के प्रार्थना पत्र पर सपरिवादी श्री

धरमचन्द व दोनों गवाहान के हस्ताक्षर करवाये गये। तत्पश्चात् मन् पुलिस निरीक्षक द्वारा डिजिटल वोईस रिकॉर्डर को चालू कर दिनांक 30.11.2025 को परिवादी एवं संदिग्धगण के मध्य हुई रिश्वत राशि मांग सत्यापन वार्ता के मुख्य-मुख्य अंश दोनों स्वतंत्र गवाहान को सुनाई गई तो दोनो स्वतंत्र गवाहान के द्वारा भी रिश्वत राशि की मांग सत्यापन की पुष्टि की गई। समय करीब 10.45 ए.एम. पर दोनों स्वतंत्र गवाहान समक्ष मन् पुलिस निरीक्षक के द्वारा परिवादी श्री वालचन्द तेली को रिश्वत में दी जाने वाली राशि पेश करने हेतु कहने पर परिवादी श्री वालचन्द तेली ने अपने पास से रिश्वत में दी जाने वाली राशि भारतीय चलन मुद्रा के 500-500 रूपये के 160 नोट कुल राशि 80,000 रूपये प्रस्तुत किये। परिवादी श्री वालचन्द की जामा तलाशी गवाह श्री जयंत कुमार से लिवाई गई। जिसमें परिवादी श्री वाचलन्द तेली के पास एक मोबाईल फोन के अलावा कुछ नही मिला जिसे परिवादी श्री वालचन्द तेली को सुपुर्द किया गया। परिवादी श्री वालचन्द तेली द्वारा पेश किये गये उक्त समस्त नोटों पर श्री जितेन्द्र कुमार कानि. नं. 390 से पुलिस उप अधीक्षक सर के कार्यालय कक्ष की टेबल कि दराज में रखी फिनोफ्थलीन पाउडर व सोडियम कार्बोनेट पाउडर की शीशीयो को निकलवाया जाकर कार्यालय के टेबल पर अखबार बिछाकर उपरोक्त नोटों के दोनों ओर फिनोफ्थलीन पाउडर लगवाया गया। संदिग्ध श्री महेश मीणा, वनरक्षक को देने के लिए परिवादी श्री वालचन्द तेली द्वारा पेश किये गये नोटों को श्री जितेन्द्र कुमार कानि. 390 से ही परिवादी श्री वाचलन्द तेली की पहनी हुई पेन्ट की आगे की दाहिनी जेब में कोई शेष नही छोड़ते हुए रखवाये गये। तत्पश्चात् श्री बाबुलाल कानि. 393 से एक प्लास्टिक के डिस्पोजल के साफ गिलास में साफ पानी मंगवाया जिसमें एक चम्मच सोडियम कार्बोनेट पाउडर डलवाकर घोल तैयार करवाया जाकर गवाहान एवं परिवादीगण को दिखाया गया तो उन्होनें घोल का रंग अपरिवर्तित होना स्वीकार किया। उक्त रंगहीन घोल में श्री जितेन्द्र कुमार कानि. की उंगलियों व अंगुठे को डूबोकर धुलवाया गया तो घोल का रंग गुलाबी हो गया। इस प्रकार परिवादीगण तथा स्वतंत्र गवाहान के समक्ष फिनोफ्थलीन पाउडर एवं सोडियम कार्बोनेट पाउडर की रासायनिक प्रतिक्रिया प्रदर्शित कर बताई गई एवं उसके मन्तव्य से अवगत कराते हुए मन् पुलिस निरीक्षक ने बताया कि यदि आरोपीगण परिवादीगण से रिश्वत् राशि मांग कर अपने हाथों से ग्रहण करेगा तो नोटों पर लगा फिनोफ्थलीन पाउडर उनकी हाथों की अंगुलियों व अंगुठे पर लग जाएगा और जब उसके हाथों की उंगलियों व अंगुठे को उपरोक्तानुसार धुलवाया जाएगा तो घोल का रंग गुलाबी हो जाएगा। जिससे यह प्रमाणित होगा कि आरोपीगण ने रिश्वत् राशि मांग कर अपने हाथों से ग्रहण की है। उक्त गुलाबी घोल को श्री जितेन्द्र कुमार कानि. से कार्यालय के बाहर नाली में फिकवाया गया तथा अखबार व प्लास्टिक के डिस्पोजल गिलास को जलाकर नष्ट किया गया। फिनोफ्थलीन पाउडर की शीशी को श्री जितेन्द्र कुमार कानि. से ही पुलिस उप अधीक्षक सर के कार्यालय कक्ष की टेबल कि दराज में सुरक्षित रखवाई गई तथा परिवादीगण को यह भी हिदायत दी गई कि वह संदिग्धगण के द्वारा रिश्वत राशि मांगने पर ही उसे देवे तथा रिश्वत राशि देने से पूर्व या देने के बाद उसके शरीर के किसी अंग को नहीं छुए। यदि अभिवादन की आवश्यकता हो तो हाथ जोड़कर अभिवादन करें। परिवादीगण को यह भी हिदायत दी गई कि रिश्वत राशि देते समय जल्दबाजी व घबराहट का प्रदर्शन न करे, तथा रिश्वत राशि दे चुकने के बाद अपने सिर पर हाथ फेर कर या मन् पुलिस निरीक्षक के मोबाईल नम्बर पर मिस कॉल कर गोपनीय निर्धारित ईशारा करें। यह निर्धारित ईशारा ट्रेप पार्टी के सभी सदस्यों को समझाया गया। श्री बाबु लाल कानि. से ट्रेप कार्यवाही में प्रयुक्त होने वाली कांच की शिशियाँ, प्लास्टिक के डिस्पोजल, ढक्कन, चम्मच इत्यादि को साफ पानी व साबुन से दो बार धुलवाकर ट्रेप बाक्स में रखवाये गये। कार्यालय में उपस्थित स्टाफ के सदस्यों व दोनो गवाहान तथा परिवादीगण का आपस में परिचय करवाया गया तत्पश्चात् गवाहान तथा ट्रेप पार्टी के सदस्यों को यह भी हिदायत दी गई कि यथा संभव अपनी-अपनी उपस्थिति को छिपाते हुए परिवादीगण व संदिग्धगण के मध्य रिश्वत राशि के लेन-देन को देखने व सुनने का प्रयास करे एवं परिवादीगण को हिदायत दी गई कि रिश्वत् राशि के लेन-देन के वक्त संदिग्धगण से होने वाली वार्तालाप को डिजीटल टेप रिकार्डर में रिकॉर्ड करें। परिवादीगण, स्वतंत्र गवाहान तथा ट्रेप पार्टी के सभी सदस्यों के हाथ साफ पानी व साबुन से धुलवाये गये। श्री जितेन्द्र कुमार कानि. को ब्यूरो कार्यालय मे ही उपस्थित रहने की हिदायत दी गई। परिवादीगण को डिजीटल वोईस रिकॉर्डर चालु व बंद करने की विधि को पुनः समझाकर डिजिटल वोईस रिकॉर्डर मय उसमें लगे हुए मेमोरी कार्ड को परिवादी श्री वालचन्द तेली को सुपूर्द कर संदिग्धगण श्री महेश मीणा, वनरक्षक व अन्य से रिश्वत राशि लेनदेन वार्तालाप को उक्त डिजिटल वोईस रिकॉर्डर में रिकॉर्ड करने की आवश्यक हिदायत दी गई। उक्त कार्यवाही की फर्द पृथक से मुर्तीब कर सम्बन्धितों के हस्ताक्षर करवा शामिल कार्यवाही की गई। समय करीब 11.35.ए.एम. पर श्री रतनसिंह राजपुरोहित पुलिस उप अधीक्षक सर बाद अवकाश भुगत हाजिर कार्यालय आये। श्री प्रदीप कुमार भण्डारी कानि. 169, श्री संजय सिंह कानि. 318 एसीबी चोकी एसयू उदयपुर से हाजिर कार्यालय आये जिनका का परिचय परिवादी श्री वालचन्द तेली, सहपरिवादी श्री धरमचन्द व दोनो स्वतन्त्र गवाह से करवाया गया। समय करीब 11.45 ए.एम पर पुलिस निरीक्षक द्वारा श्री बाबु लाल कानि0 नम्बर 393 को बुलाकर पुलिस उप अधीक्षक सर के कार्यालय कक्ष की टेबल के दराज में से सरकारी मोबाईल फोन सेमसंग कम्पनी (Galaxy XCover7 ekWMy-SM-G556B), चार्जींग केबल, पॉवर बैंक व दो रिक्त (खाली) मेमोरी कार्ड निकलवाकर उक्त समस्त उपकरणों की जांच की गई तो उक्त समस्त उपकरण सही ढंग से संचालित होना पाये गये तथा सरकारी मोबाईल फोन सेमसंग कम्पनी में एक रिक्त (खाली) मेमोरी कार्ड (sanDisk 8 GB Micro SDHC) डलवाकर उक्त सरकारी मोबाईल फोन को श्री बाबु लाल कानि0 नम्बर 393 को सुपुर्द

कर रिश्वत राशि बरामदगी की कार्यवाही के दौरान वीडियोग्राफी कर वीडियों को उक्त मेमोरी कार्ड में रिकॉर्ड करने तथा बरामदगी की वीडियोग्राफी के पश्चात उक्त मूल मेमोरी कार्ड मन् पुलिस निरीक्षक को सुपुर्द करने हेतु निर्देशित किया गया तथा इसके अतिरिक्त संदिग्धगण के आवास की खाना तलाशी की कार्यवाही के दौरान सरकारी मोबाईल फोन के माध्यम से वीडियोग्राफी करने हेतु एक रिक्त (खाली) मेमोरी कार्ड (sanDisk 8 GB Micro SDHC) श्री बाबु लाल कानि0 नम्बर 393 को सुपुर्द कर वीडियोग्राफी हेतु निर्देशित किया गया। समय करीब 11.55 ए.एम पर समय कानि. श्री महेश चन्द्र व परिवादी श्री वालचन्द तेली व सहपरिवादी श्री धरमचन्द को मय डिजिटल वोईस रिकॉर्डर मय उसमें लगे हुए मेमोरी कार्ड के परिवादी की निजी कार से रवाना कर उनके पीछे-पीछे पुलिस उप अधीक्षक सर , मय स्वतन्त्र गवाह श्री कपिल शर्मा, श्री करण सिंह एएसआई, श्री अख्तर खांन, वीर विक्रम सिंह कानि. 189, श्री बाबुलाल कानि. 393, श्री प्रदीप कुमार भण्डारी कानि. 169, श्री संजय सिंह कानि. 318 मय लेपटोप, प्रिन्टर, ट्रेप बॉक्स, व आवश्यक संसाधनों के प्राईवेट वाहन से रवाना कर उनके पीछे-पीछे मन् पुलिस निरीक्षक, मय् स्वतन्त्र गवाह श्री जयन्त कुमार, श्री धिरेन्द्र सिंह कानि. 546, श्री दीपक कानि. 87 निजी कार से ब्यूरो कार्यालय डूंगरपुर से कार्यालय वनपाल वन नाका कातरवास तहसील खैरवाडा जिला उदयपुर की तरफ जाने रवाना हुए। समय करीब 12.17 पी.एम. पर कानि0 श्री महेश चन्द्र ने पुलिस निरीक्षक की कार को हाथ से रूकने का ईशारा किया। जिस पर पुलिस निरीक्षक द्वारा कार रोक कर कानि0 महेश चन्द्र के पास गया तो कानि0 महेश चन्द्र ने बताया कि परिवादी श्री वालचन्द के मोबाईल नम्बर पर समय करीब 12.17 पी.एम. पर संदिग्ध श्री महेश कुमार मीणा के मोबाईल नम्बर से कॉल आया जो कट गया जिस पर परिवादी वालचन्द ने वापस संदिग्ध श्री महेश कुमार मीणा के मोबाईल पर कॉल किया उक्त वार्ता को डिजिटल टेप रिकॉर्डर मय मैमोरी कार्ड मे रिकॉर्ड किया गया। समय करीब 01.05 पी.एम पर पुलिस निरीक्षक मय हमराहियान के पूर्वानुसार अपने-अपने वाहनो से ब्यूरो कार्यालय डूंगरपुर से रवानाशुदा कार्यालय वनपाल वन नाका कातरवास तहसील खैरवाडा जिला उदयपुर के आस-पास पंहुच अपने-अपने वाहनो को रोड के साईड में खडा किया। जहा परिवादी ने अपने पास से डिजिटल वोईस रिकॉर्डर को निकाल कर कानि. श्री महेशचन्द्र को दिया जिस पर कानि. महेशचन्द्र द्वारा उसे शुरू कर समय 01.10 पी.एम पर परिवादी को सुपुर्द कर परिवादी श्री वालचन्द तेली व सपरिवादी श्री धरमचन्द को कार्यालय वनपाल वन नाका कातरवास तहसील खैरवाडा जिला उदयपुर के लिए रवाना किया व मन् पुलिस निरीक्षक मय हमराहियान के पूर्वानुसार अपने-अपने वाहनो मे अपनी-अपनी उपस्थिति को छुपाते हुए परिवादी के पूर्व निर्धारित ईशारे के इन्तजार में कार्यालय वनपाल वन नाका कातरवास के आस-पास मुकिम हुये। समय करीब 01.25 पी.एम. पर परिवादी श्री वालचन्द तेली ने आरोपी द्वारा रिश्वत राशि ग्रहण करने के पश्चात पूर्व निर्धारित ईशारा अपने सिर पर हाथ फेर कर किया। जिस पर मन् पुलिस निरीक्षक व हमराहियान के पूर्वानुसार अपने-अपने वाहनो से उतर कर तेज-तेज कदमो से कार्यालय वनपाल वन नाका कातरवास की तरफ जा रहे थे कि वहाँ पर उपस्थित तीन व्यक्ति हमे देख कर भागने लगे जिसे मन् पुलिस निरीक्षक व हमराहियान ने दौड कर दो व्यक्ति को पकड़ कर वन नाका कार्यालय के बाहर परिवादी श्री वालचन्द तेली के पास पहूचे तो परिवादी ने रिश्वती राशि के लेनदेन के वक्त हुई वार्तालाप जिसे परिवादी के द्वारा ब्यूरो के डिजीटल टेप रिकॉर्डर में रिकॉर्ड की, उस डिजीटल टेप रिकॉर्डर मय मेमोरी कार्ड को मन् पुलिस निरीक्षक को सुपुर्द किया। जिसे मन् पुलिस निरीक्षक द्वारा बंद कर सुरक्षित रखा गया। तत्पश्चात परिवादी श्री वालचन्द तेली ने दो व्यक्ति मे से एक व्यक्ति की तरफ ईशारा कर बताया कि यह श्री विजेश कुमार अहारी वन कर्मी है तथा दुसरे व्यक्ति की तरफ ईशारा कर बताया कि यही श्री महेश कुमार मीणा वन कर्मी है जिसने अभी थोडी देर पहले अपनी मांग के अनुसार 80,000 रूपये मांग कर वन नाके के कमरे मे बनी पत्थर की अलमारी मे रखवाये है तथा परिवादी ने बताया कि मैने खर्चे पानी के लिये महेश कुमार मीणा से 5000 रूपये देने के लिए कहाँ तो महेश कुमार मीणा ने कहाँ कि 80,000 रूपये मे से 3000 रूपये वापस ले लो। जिस पर मैने पत्थर की अलमारी मे रखे 80,000 रूपयो मे से 3000 रूपये वापस लेकर मैने मेरी जेब मे डाल दिये। फिर मैंने महेश कुमार मीणा से हाथ मिलाकर रवाना होने की बात कर बाहर आकर रिश्वत राशि ग्रहण करने का सिर पर हाथ फैरकर ईशारा किया। जिस पर मन् पुलिस निरीक्षक द्वारा परिवादी से पूछा की वो जो भागा तीसरा व्यक्ति कौन था, तब परिवादी ने बताया की श्री रतन लाल वन कर्मी था। तत्पश्चात मन् पुलिस निरीक्षक द्वारा स्वयं का परिचय पत्र दिखाते हुए स्वंय का तथा स्वतंत्र गवाहान तथा ट्रैप पार्टी के सदस्यों का परिचय देते हुए अपने आने के मन्तव्य से अवगत करा आरोपीगण से उनका नाम पूछा तो श्री महेश कुमार मीणा पिता लक्ष्मणलाल मीणा उम्र 33 वर्ष निवासी पाराई तहसील सराडा पुलिस थाना परसाद जिला सलुम्बर हाल वनरक्षक वन नाका कातरवास रेंज खैरवाडा जिला उदयपुर एवं श्री विजेश कुमार अहारी पिता वरदीचन्द अहारी जाति मीणा उम्र 40 वर्ष निवासी मोडीवासा तहसील नयागांव पुलिस थाना खैरवाडा जिला उदयपुर हाल वनरक्षक वन नाका कातरवास रेंज खैरवाडा जिला उदयपुर का होना बताया। तत्पश्चात मन् पुलिस निरीक्षक द्वारा आरोपी महेश कुमार मीणा से चोथे व्यक्ति पन्नालाल वनरक्षक के बारे मे पुछा गया तो आरोपी महेश कुमार मीणा ने बताया कि पन्नालाल वनरक्षक मस्टररोल लेकर रेंज कार्यालय खैरवाडा गया हुआ है। जिस पर मन् पुलिस निरीक्षक द्वारा पुलिस उप अधीक्षक सर को पन्नालाल वनरक्षक को डिटेन करने हेतु थानाधिकारी पुलिस थाना खैरवाडा से वार्ता करने हेतु निवेदन किया गया। जिस पर पुलिस उप अधीक्षक सर द्वारा थानाधिकारी पुलिस थाना खैरवाडा से जरिये मोबाईल सम्पर्क कर श्री पन्नालाल वनरक्षक को

वन विभाग रेंज कार्यालय खैरवाडा से डिटेन कर थाने मे लाने हेतु वार्ता की गई। तत्पश्चात मन् पुलिस निरीक्षक द्वारा आरोपी श्री महेश कुमार से पूछा यहाँ किस पोस्ट पर हो तो आरोपी श्री महेश कुमार ने बताया वनरक्षक, मन् पुलिस निरीक्षक द्वारा परिवादी की और ईशारा करते हुये आरोपी श्री महेश कुमार से पूछा इनको जाने हो ये कौन है, आरोपी श्री महेश कुमार ने बताया नही जानता हूं, मन् पुलिस निरीक्षक द्वारा आरोपी श्री महेश कुमार से पूछा नही जानते हो, मै जानता आप कैसे जानते हो। क्या नाम है इनका, आरोपी श्री महेश कुमार ने बताया वालचन्द, मन् पुलिस निरीक्षक द्वारा आरोपी श्री महेश कुमार से पूछा ये क्या काम करते है, आरोपी श्री महेश कुमार ने बताया लकडी का, मन् पुलिस निरीक्षक द्वारा आरोपी श्री महेश कुमार से पूछा इनकी ट्रक किसने पकडी थी तो महेश कुमार ने कहा चार जनो ने, कौन-कौन था तो महेश कुमार ने कहा मै, विजेश, रतनलाल और पन्नालाल, आप भी थे आरोपी महेश कुमार हां कब पकडी थी, आरोपी महेश कुमार कल, कल 30 तारीख को कितने बजे पकडी थी। आरोपी महेश कुमार 7 बजे के आस-पास, परिवादी की और ईशारा करते हुए इनका क्या काम था किस लिए लिए थे पैसे, किसलिए डिमाण्ड करी थी वो बोलो आरोपी महेश कुमार ट्रान्सपोरेशनत के तहत जुर्माना, सीआई साहब-कितने मांगे थे, आरोपी श्री महेश कुमार 80,000 हजार रूपये मांगे थे। अभी लिये पैसे इनसे, कहां रखवाये आरोपी श्री महेश कुमार इन्होने अन्दर जाकर रखे, आपने कहां होगा, ऐसे तो कौन रखेगा, मै आपके घर मे आकर रखुगा क्या, आरोपी श्री महेश कुमार इन्होने अन्दर जाकर रखे है, रसीद काटी आरोपी महेश कुमार अभी काट रहे थे, आपको पावर है रसीद काटने का आरोपी श्री महेश कुमार पावर तो नाका इंचार्ज का होता है, कौन है यहा का नाका इंचार्ज वो अभी नही है, खैरवाडा गये है, पैसे कहा रखे है आरोपी श्री महेश कुमार वहा पर, ये रखे है वो कितने है आरोपी श्री महेश कुमार पता नही, आपने बोला होगा तभी तो रखे है। रसीद वसीद कुछ काटी हो तो बताओ। बात करी होगी न फाईनल कितने मे किया था। आरोपी श्री महेश कुमार 77000 रूपये मे गिना नही है, अभी बोला था न भुल गया वापस, आरोपी श्री महेश कुमार 80,000 रूपये, अन्दर कौन आया था रखवाने, आरोपी श्री महेश कुमार रतन और ये आया था। तत्पश्चात आरोपी श्री महेश कुमार से पूछा गया की आपने परिवादी श्री वालचन्द तेली से कितने खाली कागज पर हस्ताक्षर करवाये तो आरोपी श्री महेश कुमार ने कहा तीन, वो कागज कहा है तो आरोपी श्री महेश कुमार ने कहा वहा पडे है। जिन्हे बाद अवलोकन आरोपीगण व दोनो स्वतन्त्र गवाहान के हस्ताक्षर करा शामिल पत्रावली किया गया। तत्पश्चात आरोपी महेश कुमार मीणा के मोबाईल को खोलकर चैक किया गया तो श्री मोहम्मद फजले रबी क्षैत्रीय वन अधिकारी प्रथम रेंज खैरवाडा जिला उदयपुर के मोबाईल नम्बर से आरोपी महेश कुमार मीणा के मोबाईल नम्बर पर वाट्सअप कॉल व मोबाईल पर वार्ता होना पाया गया। जिस पर आरोपी महेश कुमार मीणा के मोबाईल नम्बर से श्री मोहम्मद फजले रबी क्षैत्रीय वन अधिकारी प्रथम रेंज खैरवाडा जिला उदयपुर के मोबाईल नम्बर पर वाट्सअप कॉल कर वार्ता करवाई गई। उक्त वार्ता को कार्यालय के डिजिटल टेप रिकॉर्डर मय मेमोरी कार्ड मे रिकोर्ड किया गया। आरोपी श्री महेश कुमार मीणा वनरक्षक के तत्कालीन अधिकारी श्री मोहम्मद फजले रबी क्षैत्रीय वन अधिकारी प्रथम एवं श्री किशनलाल रेगर क्षैत्रीय वन अधिकारी द्वितीय से विस्तृत पुछताछ किया जाना आवश्यक होने से थानाधिकारी पुलिस थाना खैरवाडा को निर्देशित किया गया कि श्री मोहम्मद फजले रबी क्षैत्रीय वन अधिकारी प्रथम एवं श्री किशनलाल रेगर क्षैत्रीय वन अधिकारी द्वितीय से ट्रेप कार्यवाही मे पुछताछ वांछित होने से उक्त दोनो अधिकारियों को तलब कर थाने मे रखने हेतु निर्देशित किया गया। तत्पश्चात अग्रिम कार्यवाही के क्रम में मन् पुलिस निरीक्षक ने आरोपी श्री महेश कुमार को कहा कि पैसे कहा है, तो आरोपी ने कहा की कमरे मे बनी पत्थर की अलमारी पर रखे हुये है जिस पर मन् पुलिस निरीक्षक मय हमराहियान आरोपीगण के हाथो को कलाई के उपर से पकड़वा कर स्थित कार्यालय वनपाल वन नाका कातरवास के निवास कक्ष मे ले गये जहा दीवार मे बनी पत्थर की अलमारी मे 500-500 रूपये के कुछ नोट बरामद हुए, जिसे दोनो स्वतंत्र गवाह से गिनवाये गये तो भारतीय चलन मुद्रा के 500-500 रूपये के 154 नोट राशि 77000 रूपये होना बताया। उक्त नोटों के नम्बरो का मिलान पूर्व में मुर्तिबशुदा फर्द पेशकशी नोट से करवाया गया तो नोटो के नम्बर समान पाये गये। उपरोक्त बरामद शुदा रिश्वत राशि भारतीय चलन मुद्रा के 500-500 रूपये के 154 नोट राशि 77000 रूपये को स्वतंत्र गवाह श्री जयन्त कुमार को अपने पास ही सुरक्षित रखने की आवश्यक हिदायत देकर सम्भलाई गई। तत्पश्चात परिवादी श्री वालचन्द तेली ने अपने पास से 500-500 रूपये के 6 नोट कुल 3000 रूपये पेश किये उक्त नोटों के नम्बरो का मिलान पूर्व में मुर्तिबशुदा फर्द पेशकशी नोट से दोनो स्वतन्त्र गवाहान से करवाया गया तो नोटो के नम्बर समान पाये गये। उपरोक्त राशि भारतीय चलन मुद्रा के 500-500 रूपये के 6 नोट राशि 3000 रूपये को स्वतंत्र गवाह श्री कपिल शर्मा को अपने पास ही सुरक्षित रखने की आवश्यक हिदायत देकर सम्भलाई गई। तत्पश्चात आरोपीगण के दोनों हाथों का धोवन एवं अलमारी जहा से रिश्वत राशि बरामद हुई का धोवन लिया जाना आवश्यक होने से कानि. श्री वीर विक्रम सिंह से प्राईवेट वाहन में रखे हुए ट्रेप बॉक्स को मंगवा कर ट्रैप बॉक्स मे से दो साफ प्लास्टिक के पारदर्शी डिस्पोजल गिलासों में कार्यालय वनपाल वन नाका कातरवास के निवास कक्ष की रसोई मे रखे पीने के पानी के जरिकेन मे से अलग-अलग पानी भरकर उक्त दोनों गिलासों में अलग-अलग एक-एक चम्मच सोडियम कार्बोनेट पाउडर डालकर घोल तैयार करवाया गया। उक्त घोल को उपस्थित दोनों स्वतंत्र गवाहान व परिवादी को दिखाया गया तो रंगहीन घोल होना बताया। जिस पर एक गिलास के रंगहीन घोल में आरोपी श्री महेश कुमार के दाहिने हाथ की अंगुलियों एवं अंगूठे को धुलवाया गया तो दाहिने हाथ के धोवन

का मिश्रण हल्का गुलाबी हो गया जिसे हाजरिन को दिखाया गया तो हल्का गुलाबी होना स्वीकार किया जिसे दो अलग-अलग साफ कांच की शिशियों में भरकर शिशियों को सिल-चिट कर, चिट व कपडे पर संबंधितों के हस्ताक्षर करवा मार्क MRH1 o MRH2 अंकित कर उक्त सिलचिट शुदा शिशियां कब्जे ब्यूरो ली गई। आरोपी श्री महेश कुमार से मन् पुलिस निरीक्षक द्वारा पूछा गया की तेरे दाहिने हाथ मे धोवन का रंग हल्का गुलाबी केसे आया तो आरोपी श्री महेश कुमार ने बताया की श्री बालचन्द द्वारा मुझसे हाथ मिलाया था। शायद इसी वजह से धोवन का हल्का गुलाबी रंग हुआ। इसी तरह दूसरे प्लास्टिक के पारदर्शी डिस्पोजल गिलास के रंगहीन घोल मे आरोपी श्री महेश कुमार के बाये हाथ की अंगुलियों एवं अंगूठे को धुलवाया गया तो बायें हाथ के धौवण का रंग मटमेला हो गया। जिसे हाजरिन को दिखाया गया तो मटमेला रंग का घोल होना स्वीकार किया। जिसे दो अलग-अलग साफ कांच की शिशियों में भरकर शिशियों को सिल-चिट कर, चिट व कपडे पर संबंधितों के हस्ताक्षर करवा मार्क MLH1o MLH2 अंकित कर उक्त सिलचिट शुदा शिशियां कब्जे ब्यूरो ली गई। तत्पश्चात ट्रैप बॉक्स मे से दो साफ प्लास्टिक के पारदर्शी डिस्पोजल गिलासों में कार्यालय वनपाल वन नाका कातरवास के निवास कक्ष की रसोई मे रखे पीने के पानी के जरिकेन मे से अलग-अलग पानी भरकर उक्त दोनों गिलासों में अलग-अलग एक-एक चम्मच सोडियम कार्बोनेट पाउडर डालकर घोल तैयार करवाया गया। उक्त घोल को उपस्थित दोनों स्वतंत्र गवाहान व परिवादी को दिखाया गया तो रंगहीन घोल होना बताया। जिस पर एक गिलास के रंगहीन घोल में आरोपी श्री विजेश अहारी के दाहिने हाथ की अंगुलियों एवं अंगूठे को धुलवाया गया तो दाहिने हाथ के धोवन का मिश्रण का रंग मटमेला हो गया जिसे हाजरिन को दिखाया गया तो मटमेला होना स्वीकार किया जिसे दो अलग-अलग साफ कांच की शिशियों में भरकर शिशियों को सिल-चिट कर, चिट व कपडे पर संबंधितों के हस्ताक्षर करवा मार्क VRH1 o VRH2 अंकित कर उक्त सिलचिट शुदा शिशियां कब्जे ब्यूरो ली गई। इसी तरह दूसरे प्लास्टिक के पारदर्शी डिस्पोजल गिलास के रंगहीन घोल मे आरोपी श्री विजेश अहारी के बाये हाथ की अंगुलियों एवं अंगूठे को धुलवाया गया तो बायें हाथ के धौवण का रंग मटमेला हो गया। जिसे हाजरिन को दिखाया गया तो मटमेला रंग का घोल होना स्वीकार किया। जिसे दो अलग-अलग साफ कांच की शिशियों में भरकर शिशियों को सिल-चिट कर, चिट व कपडे पर संबंधितों के हस्ताक्षर करवा मार्क VLH1o VLH2 अंकित कर उक्त सिलचिट शुदा शीशियाँ कब्जे ब्यूरो ली गई। तत्पश्चात कार्यालय वनपाल वन नाका कातरवास के निवास कक्ष कि दीवार मे बनी पत्थर की अलमारी मे मिली रिश्वत राशि के स्थान का धोवन लिया जाना आवश्यक होने से ट्रैप बॉक्स में से एक प्लास्टिक डिस्पोजल गिलास निकलवाकर उसमें कार्यालय वनपाल वन नाका कातरवास के निवास कक्ष की रसोई मे रखे पीने के पानी के जरिकेन मे से पानी भरवाकर इनमें एक चम्मच सोडियम कार्बोनेट पाउडर डलवाकर घोल तैयार करवाया गया तो घोल का रंग अपरिवर्तित रहा, जिन्हें दोनो स्वतन्त्र गवाहन व हाजरीन को दिखाया गया तो घोल का रंग अपरिवर्तित होना स्वीकार किया। अलमारी मे रिश्वत राशि बरामदगी स्थान पर गिली रूई को घुमाया जाकर उक्त तैयार शुदा घोल में डुबोया गया तो घोल का रंग गुलाबी हो गया। जिसे हाजरीन ने स्वीकार किया। उक्त घोल को काँच की दो साफ शिशियों में आधा-आधा भरवाकर बन्द करा मार्क AP1 o AP2 अंकित करा सिलचिट कर चिट व कपड़े पर संबंधितों के हस्ताक्षर करवा कर उक्त सिलचिट शुदा शिशियों को कब्जे ब्यूरो ली गई। तत्पश्चात् बरामदशुदा रिश्वत राशि भारतीय चलन मुद्रा के 500-500 रूपये के 154 नोट राशि 77000 रूपये जो स्वतंत्र गवाह श्री जयन्त कुमार के पास में सुरक्षित रखवाये गये थे जो श्री जयन्त कुमार द्वारा पेश किये जाने पर उक्त रिश्वत राशि भारतीय चलन मुद्रा के 500-500 रूपये के 154 नोट राशि 77000 रूपये के नोटों को सफेद कागज की चिट लगाकर नियमानुसार सीलचिट करा संबंधितों के हस्ताक्षर करवाये जाकर वजह सबुत कब्जे ब्यूरो लिये गये। इसके पश्चात् परिवादी द्वारा पेश राशि भारतीय चलन मुद्रा के 500-500 रूपये के 6 नोट राशि 3000 रूपये जो स्वतंत्र गवाह श्री कपिल शर्मा के पास में सुरक्षित रखवाये गये थे जो श्री कपिल शर्मा द्वारा पेश किये जाने पर उक्त राशि भारतीय चलन मुद्रा के 500-500 रूपये के 6 नोट राशि 3000 रूपये के नोटों को सफेद कागज की चिट लगाकर नियमानुसार सीलचिट करा संबंधितों के हस्ताक्षर करवाये जाकर वजह सबुत कब्जे ब्यूरो लिये गये। कार्यवाही मे प्रयुक्त प्लास्टिक के डिस्पोजल गिलास को स्वतन्त्र गवाहान की मौजुदगी में जलाकर नष्ट किये गये। फर्द बरामदगी ब्यूरो कार्यालय के लेपटॉप पर कार्यालय वनपाल नाका कातरवास पर समय करीब 03.15 पी.एम. पर समाप्त की गई। उक्त कार्यवाही के दौरान धारा 105, बी.एन.एस.एस. 2023 की पालना करते हुए उक्त रिश्वत राशि बरामदगी की वीडियोग्राफी मन् पुलिस निरीक्षक के निर्देशानुसार श्री बाबुलाल कानि0 नम्बर 393 द्वारा सरकारी मोबाईल फोन (सेमसंग कम्पनी) के माध्यम से ब्यूरो कार्यालय के मूल मेमोरी कार्ड में रिकॉर्ड की गई तथा उपरोक्त कार्यवाही की फर्द पृथक से मुर्तिब कर सम्बन्धितों के हस्ताक्षर करवाये गये। समय करीब 03.19 पी.एम पर मन् पुलिस निरीक्षक द्वारा पुलिस उप अधीक्षक सर को जिला वन अधिकारी उदयपुर से वार्ता करने हेतु निवेदन किया गया। जिस पर श्रीमान पुलिस उप अधीक्षक सर द्वारा श्री मुकेश सैनी जिला वन अधिकारी उदयपुर से जरिये मोबाईल वार्ता कर एसीबी चैकी डूंगरपुर द्वारा की गई ट्रैप कार्यवाही से अवगत कराते हुये बताया कि वन नाका कातरवास रेंज खैरवाडा के श्री महेश कुमार मीणा व श्री विजेश अहारी वनरक्षकों को रिश्वत राशि लेते हुए पकडा गया है। आपके अधीनस्थ किसी अधिकारी को मौके पर भिजवानें हेतु निवेदन किया गया तथा आरोपी श्री महेश कुमार मीणा निवासी पाराई तहसील सराडा पुलिस थाना परसाद के घर की खाना तलाशी हेतु उच्चधिकारीयो से वार्ता की गई। तत्पश्चात समय

